

# खाद-बीज दुकानों पर छापे, 20 सैंपल जांच के लिए भेजे



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** खरीफ सीजन को देखते हुए किसानों को गुणवत्तायुक्त उर्वरक, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने जिले में कृषि आदान विक्रेताओं के खिलाफ सघन निरीक्षण अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से बीज और उर्वरक के 20 सैंपल जांच के लिए एकत्र किए गए, जबकि कई दुकानों में अनियमितताएं मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किए गए।

उप संचालक कृषि नितेश कुमार यादव के निर्देशन में सहायक संचालक जितेंद्र सिंह रावत एवं गुणवत्ता नियंत्रण निरीक्षक मंगलेश पटेल ने खंडवा के खंडेलवाल मार्केटिंग, खंडेलवाल उर्वरक विक्रय केंद्र, गायत्री ट्रेडर्स, जेपी एग्रो, यश कृषि सेवा केंद्र, किसान घर, रॉयल कृषि सेवा केंद्र और राजेश्वरी फर्टिलाइजर्स सहित कई प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टॉक, स्टॉक रजिस्टर, कैश मेमो, लाइसेंस और अन्य अभिलेखों की गहन जांच की गई। कमियां पाए जाने पर संबंधित विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई।

निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता जांच के लिए बीज के 14 तथा उर्वरक के 6 नमूने निर्धारित प्रक्रिया के तहत संग्रहित कर मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला भेजे गए। अधिकारियों ने विक्रेताओं को निर्धारित दरों पर कृषि आदानों का विक्रय करने, प्रत्येक बिक्री पर किसानों को अनिवार्य रूप से पक्का बिल देने और कृषि आदान नियंत्रण आदेश के सभी प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों से खिलवाड़ करने वाले विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग ने किसानों से भी अपील की है कि वे केवल लाइसेंसधारी विक्रेताओं से ही खाद-बीज खरीदें, पक्का बिल अवश्य लें और किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर निकटतम कृषि कार्यालय में संपर्क करें। आगामी खरीफ सीजन में निरीक्षण और नमूना संग्रहण की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# 22 लाख कीमत के 123 मोबाइल किए जब्त, मालिकों को सौंपे



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** ऑपरेशन सहयोग के तहत खंडवा पुलिस ने एक बार फिर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। साइबर सेल एवं जिले के सभी थाना प्रभारियों के संयुक्त प्रयास से पिछले एक माह में 123 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंपे गए। इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत 22 लाख रुपये है। शुक्रवार को पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने मोबाइल धारकों को उनके मोबाइल सुपुर्द किए।

लंबे समय बाद अपना मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने खंडवा पुलिस की तत्परता एवं कार्यशैली की सराहना की। पुलिस के अनुसार बरामद किए गए मोबाइल गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान और मध्यप्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से लगातार तकनीकी निगरानी और समन्वित प्रयासों के जरिए खोजे गए। इनमें वर्ष 2023, 2024 और 2025 में गुम हुए मोबाइलों के साथ-साथ वर्ष 2026 में 20 से 25 दिन पहले गुम हुए मोबाइल भी शामिल हैं। रिकवर किए गए मोबाइलों में कोतवाली के 12, मोघट रोड के 4, पदम नगर के 4, छैगांव माखन के 9, जावर का 1, पिपलौद के 5, पंधाना के 6, धनगांव के 8, नर्मदानगर के 11, मांधाता के 16, मूंदी के 15, हरसूद के 10, खालवा के 18 तथा किल्लौद के 4 मोबाइल शामिल हैं। पुलिस ने वर्ष 2026 में अब तक कुल 274 मोबाइल फोन, जिनकी अनुमानित कीमत 46 लाख रुपये है, बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाया है। कार्यक्रम के दौरान नागरिकों को सेफ क्लिक अभियान, साइबर अपराधों से बचाव, संचार साथी ऐप और सीईआईआर पोर्टल के उपयोग की जानकारी भी दी गई, ताकि मोबाइल गुम होने या साइबर अपराध की स्थिति में समय पर सहायता मिल सके।इस पूरी कार्रवाई में जिला साइबर सेल के प्रधान आरक्षक जितेन्द्र राठौर, विक्रम वर्मा सहित आरक्षक सुनील लाडगे, रामनरेश यादव, उदयसिंह राठौर, नरेन्द्र मुकाती एवं जिले के सभी थाना क्षेत्रों के तकनीकी रूप से दक्ष पुलिसकर्मियों की सराहनीय भूमिका रही।

# शिवपुरी मोहल्ले में 70 लाख की लागत से सीमेंटेड सड़क का निर्माण शुरू



**मूंदी।** नगर के शिवपुरी मोहल्ले में स्थानीय निवासियों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री अधोसंरचना (तृतीय चरण) के तहत एक महत्वपूर्ण विकास कार्य की शुरुआत की गई है।

इस योजना के अंतर्गत शिवपुरी मोहल्ले में 70 लाख रुपये की लागत से सीसी (रोड का निर्माण कार्य विधिवत रूप से शुरू हो गया है। इस सीसी रोड निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर कई प्रमुख जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रतिनिधि चंद्र मोहन राठौर, पार्षद प्रतिनिधि नितिन भगत, सीएमओ संजय जैन, नगर परिषद उपयंत्री मनीषा पटेल, भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य दीपक सोनी और नाहरू पटेल की मुख्य रूप से उपस्थिति रही। इन सभी अतिथियों की मौजूदगी में नारियल फोड़कर तथा विधि-विधान से पूजन कर सड़क निर्माण कार्य का श्रीगणेश किया गया। इस निर्माण कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए नगर परिषद उपयंत्री मनीषा पटेल ने बताया कि शिवपुरी मोहल्ला वार्ड क्रमांक 11 एवं 14 के मध्य यह सीसी रोड बनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस सड़क की कुल लंबाई 250 मीटर होगी, जबकि इसकी चौड़ाई 6 मीटर रखी जाएगी। इस पूरे निर्माण कार्य पर करीब 70 लाख रुपये की लागत आएगी। सड़क का निर्माण आरंभ होने से स्थानीय वार्ड वासियों ने अत्यधिक प्रसन्नता जताई है। इस खास मौके पर निर्माण कार्य का जिम्मा संभालने वाले ठेकेदार धर्मेंद्र सिंह तोमर के साथ-साथ बड़ी संख्या में वार्ड वासी मौजूद थे। शिवपुरी मोहल्ले में सीसी रोड का कार्य आरंभ होने से क्षेत्र में विकास को एक नई गति मिली है।

# खंडवा संभाग बनाने और किसानों के मुद्दे पर गर्माई सियासत

## कांग्रेस का अल्टीमेटम- जल्द समाधान नहीं तो होगा उग्र जनआंदोलन



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** खंडवा को संभाग मुख्यालय बनाने की बहुप्रतीक्षित मांग और किसानों के गहराते खाद संकट को लेकर कांग्रेस ने प्रदेश सरकार सहित स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधियों के खिलाफ सीधा मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को गांधी भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि विकास की अनदेखी बंद कर जल्द इन जनसमस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर उग्र जनआंदोलन करेगी।

गांधी भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य और केंद्र सरकार पर जनहित की अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया है। कांग्रेस ने दो टूक चेतावनी दी है कि यदि खंडवा को जल्द संभाग मुख्यालय नहीं बनाया गया, तो पार्टी सड़कों पर उतरकर उग्र जनआंदोलन करेगी। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजनारायण सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र लंबे समय से प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। संभाग बनने से खंडवा सहित आसपास के जिलों के नागरिकों को सीधे तौर पर बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने अयोध्या स्थित राम मंदिर परिसर में हुई चोरी की घटना पर भी चिंता व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की, साथ ही मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पर लग रहे जमीन घोटाले के आरोपों की उच्च स्तरीय एवं पारदर्शी जांच की मांग उठाई। स्थानीय भाजपा जनप्रतिनिधियों पर तीखा प्रहार करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कहा कि 1985 से खंडवा और हरसूद में लगातार भाजपा के विधायक काबिज हैं, लेकिन विकास के नाम पर सिर्फ छलावा हुआ है।

खंडवा में ओंकारेश्वर बांध, संत सिंगाजी थर्मल पावर प्लांट, ऐतिहासिक रेलवे जंक्शन और सोलर बिजली जैसी संपदाएं होने के बावजूद, यहां के सांसद और विधायक केवल आश्वासन देते रहे हैं। भोपाल में इनकी ठोस पैरवी न होने के कारण ही खंडवा आज तक संभाग नहीं बन सका। उन्होंने किसानों की दुर्दशा का जिक्र करते हुए कहा कि ई-टोकन व्यवस्था पूरी तरह फ्लॉप हो चुकी है और किसान डीएपी व खाद के लिए दर-दर भटक रहा है। सरकार किसानों को न तो फसल का उचित मूल्य दिला पा रही है और न ही समय पर खाद, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की है। ओंकारेश्वर और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए।

कांग्रेस नेताओं ने ओंकार पर्वत मार्ग के संरक्षण और विकास के प्रति रवैये को गैर-जिम्मेदाराना बताया और तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की। वहीं, नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर ने नीट परीक्षा पेपर लीक को युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए दोषियों पर सख्त कार्रवाई और परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने की मांग रखी।

कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि किसानों और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान नहीं हुआ, तो पार्टी जनहित में संघर्ष जारी रखेगी। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजनारायण सिंह, जिला अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह, नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लू राठौर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विशाल जैन व इमरान गौरी, जिला संगठन मंत्री धर्मेंद्र सिंह राठौर, जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन और मनोज मंडलोई सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# जन्नत फेम अभिनेत्री सोनल चौहान ने किए बाबा ओंकारेश्वर के दर्शन



नवभारत न्यूज़

**ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में शुक्रवार सुबह बॉलीवुड अभिनेत्री सोनल चौहान भगवान श्री ओंकारेश्वर, ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन के लिए पहुंचीं। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान ओंकारेश्वर का आशीर्वाद लिया और अपनी आने वाली फिल्म मिर्जापुर की सफलता के लिए विशेष प्रार्थना की।

जन्नत फिल्म से लोकप्रिय हुई अभिनेत्री सोनल चौहान इन दिनों अपनी नई फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। शूटिंग के दौरान समय निकालकर वह ओंकारेश्वर पहुंचीं और बाबा के दरबार में माथा टेककर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि के साथ अपनी नई फिल्म की सफलता की कामना की। दर्शन के बाद श्री ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट की ओर से प्रबंधक ट्रस्टी राव पुष्पेंद्रसिंह के पुत्र राघवेंद्र सिंह ने अभिनेत्री का शॉल और श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं ने भी सोनल चौहान की एक झलक पाने के लिए उत्साह दिखाया और कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाई।धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध ओंकारेश्वर में देशभर की कई फिल्मी हस्तियां समय-समय पर दर्शन के लिए पहुंचती रहती हैं। सोनल चौहान के आगमन से श्रद्धालुओं और उनके प्रशंसकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला।

# किसानों को मिली नई केसीसी ऋण पुस्तिकाएं



नवभारत न्यूज़

**खालवा।** सहकारी सप्ताह के अंतर्गत बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति, खालवा में सहकारी नवाचार दिवस आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश जायसवाल थे। सांसद प्रतिनिधि रामचंद्र भाटी, उन्नतशील कृषक शंकरलाल जायसवाल एवं संतोष शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने सहकारिता क्षेत्र में हो रहे नवाचारों और किसानों को मिल रही योजनाओं की जानकारी दी। रामचंद्र भाटी ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण, ई-टोकन के माध्यम से खाद वितरण, नए केसीसी सदस्य बनाने तथा सहकारिता को मजबूत करने जैसे नवाचार किए जा रहे हैं। शंकरलाल जायसवाल ने युवाओं, महिलाओं और किसानों को सहकारिता से जोड़ने तथा पैक्स समितियों के डिजिटलीकरण पर जोर दिया। संतोष शर्मा ने जिला सहकारी बैंक एवं पैक्स संस्थाओं द्वारा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर किसानों को नई किसान क्रेडिट कार्ड ऋण पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम में पैक्स संस्थाओं के प्रबंधक, बैंक अधिकारी, समिति कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। अंत में अतिथियों एवं किसानों ने बैंक परिसर में पौधारोपण किया।

# जिला अस्पताल में ई-रजिस्ट्रेशन सुविधा शुरू

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिला चिकित्सालय खंडवा में मरीजों की सुविधा के लिए ई-रजिस्ट्रेशन सेवा शुरू कर दी गई है। अब मरीज आभा आईडी के माध्यम से घर बैठे ओपीडी के लिए पंजीयन कर सकेंगे, जिससे अस्पताल में लंबी कतारों में लगने की जरूरत नहीं होगी। सिविल सर्जन डॉ अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि इसके लिए मरीज अपने मोबाइल में आभा ऐप डाउनलोड कर क्यूआर कोड स्कैन करें, प्रोफाइल शेयर करें और ओपीडी पंजीयन काउंटर से पर्चा प्राप्त करें। इससे अस्पताल में समय की बचत होगी और पंजीयन प्रक्रिया अधिक आसान हो जाएगी।

# जिलेभर में दिव्यांगजनों के लिए लगेंगे परीक्षण शिविर

**खंडवा।** केंद्र सरकार की एडीप योजना के तहत जिले के पात्र दिव्यांगजनों के लिए 8 से 17 जुलाई तक विकासखंड स्तर पर परीक्षण एवं चिन्हांकन शिविर आयोजित किए जाएंगे।

शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों और तकनीकी टीम द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता के अनुसार कृत्रिम अंग, ट्राईसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, सीपी चेयर, कैलिपर्स, श्रवण यंत्र, बैसाखी, एडीएल किट, स्मार्टफोन सहित अन्य सहायक उपकरणों के लिए पात्रता तय की जाएगी। शिविर 8 जुलाई को खंडवा, 9 जुलाई को छैगांवमाखन, 10 जुलाई को पंधाना, 13 जुलाई को खालवा, 14 जुलाई को हरसूद, 15 जुलाई को पुनासा, 16 जुलाई को ओंकारेश्वर तथा 17 जुलाई को बलड़ी में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित होंगे। विभाग ने दिव्यांगजनों से निर्धारित तिथि पर शिविर में पहुंचकर लाभ लेने की अपील की है। लाभार्थियों को यूडीआईडी कार्ड, 40 प्रतिशत या अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, बीपीएल राशन कार्ड तथा पासपोर्ट आकार का फोटो साथ लाना अनिवार्य होगा।

# मोबाइल पर ओटीपी साझा न करने की सलाह

**मूंदी।** पुलिस द्वारा साइबर ठगी से बचाव के लिए जगह-जगह सार्वजनिक चौराहों पर नागरिकों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को थाने के एसआई अरुण पाटिल ने माता मंदिर बाजार क्षेत्र में नागरिकों को साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए। एसआई अरुण पाटिल ने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी अंजान व्यक्ति के फर्जी कॉल के झांसे में न आए। बिना सोचे-समझे किसी भी व्यक्ति को अपने मोबाइल पर आने वाला ओटीपी न दें। उन्होंने बताया कि साइबर ठगी गिरोह फर्जी कॉल के जरिए नागरिकों से तकनीकी सहायता, बैंकिंग एवं अन्य सेवाओं के नाम से झांसा देकर साइबर ठगी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

# नवप्रवेशित छात्रों का तिलक लगाकर स्वागत, दीक्षारंभ कार्यक्रम शुरू



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** श्री हुकुमचंद यादव शासकीय नवीन आदर्श स्नातक महाविद्यालय, खंडवा में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विवेक केशरे एवं मुख्य अतिथि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ गौतम कुमार ने किया। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ विष्णु प्रसाद भाला ने प्रस्तुत की।

मुख्य अतिथि डॉ. गौतम कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों को तनाव और चिंता से दूर रहने, पर्याप्त नींद लेने तथा आवश्यकता पड़ने पर शिक्षकों से मार्गदर्शन लेने की सलाह दी। उन्होंने सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया। प्राचार्य डॉ विवेक केशरे एवं महाविद्यालय परिवार ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। डॉ. केशरे ने विद्यार्थियों को नई शिक्षा नीति, महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी देते हुए उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर देश-विदेश में संस्थान का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर आपदा के समय रक्तदान करने वाले एनसीसी के तीन विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में प्रो वर्षा रानी गंगराड़े ने महिला सुरक्षा एवं पुस्तकालय, डॉ प्रीति प्रधान ने स्वयं पोर्टल, डॉ विष्णु प्रसाद भाला ने ई-प्रवेश एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना, डॉ. धर्मेंद्र चौबे ने छात्रवृत्ति, प्रो सारंग चौधरी ने खेलकूद तथा प्रो महेश कुमार तिवारी ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों की जानकारी दी। डॉ. अशोक कुमार ठाकुर ने अनुशासन एवं महाविद्यालयीन गतिविधियों पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों और राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया। अंत में डॉ प्रीति प्रधान ने आभार व्यक्त किया।